दिनांक : 20.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन को नशा मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा विश्व में भारतीय उत्पादों की ओर बढ़ा आकर्षण।
- प्रदेश ने केन्द्र सरकार से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चावल की जगह गेहूं की मात्रा बढ़ाने का किया आग्रह।
- पहली सुपरफास्ट ट्रेन तेजस इंदौर से मुंबई के बीच 23 जुलाई से चलेगी।

----------------------------------------

प्रधानमंत्री - नशा मुक्त भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन के महत्व पर जोर देते हुए एक लेख साझा किया है और इसे नशा मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के एक पोस्ट के जवाब में, श्री मोदी ने कहा कि डॉ. मांडविया ने विस्तार से बताया है कि युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन किस तरह से नशा मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

एमवाई- भारत पहल के अंतर्गत 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' काशी के पवित्र घाटों पर "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" विषय पर आयोजित किया गया था। यह शिखर सम्मेलन मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवाओं के नेतृत्व में कई पहलों के माध्यम से मादक पदार्थों का सेवन समाप्त करना है। प्रधानमंत्री द्वारा इस पहल का समर्थन, 2047 तक एक विकसित और नशा-मुक्त भारत बनाने के मिशन में युवाओं को शामिल करने पर सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

-----------------------------------------

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज के चुनौतीपूर्ण समय में विश्व भर के लोग व्यापारिक अवसरों और भारतीय उत्पादों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी दुबई और स्पेन यात्रा के अंतिम चरण में कल राज्य की प्रगति और रोजगार सृजन के लिए किए जा रहे व्यापक प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश से जुड़े भारतीय समुदाय के साथ मिलकर राज्य के विकास के लिए नए अवसरों की खोज करना था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस यात्रा के दौरान हमने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों और भारतीय रेस्टोरेंट्स का भ्रमण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पेन प्रवास के अंतिम दिन 19 जुलाई को बार्सिलोना में कला, संस्कृति और स्थापत्य की विश्वप्रसिद्ध धरोहरों का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना के तीन प्रमुख स्थलों पार्क गुएल, सागरदा फैमिलिया और पिकासो संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी इस प्रकार की थीम आधारित कलात्मकता और पारंपरिक कला से सुसज्जित पार्क विकसित किए जा सकते हैं।

-----------------------------------------

मॉनसून सत्र

संसद का मानसून सत्र कल से शुरू होगा। इससे पहले सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों की निर्बाध कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग करने का आग्रह करेगी। मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संवददाताओं को बताया की सरकार संसद में उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इस सत्र के दौरान महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और उनके पारित होने की आशा है।

इससे पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी), द्रमुक, माकपा, राकांपा-एसपी सहित

अन्य दलों ने भाग लिया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी उपस्थित थे।

---------------------------------------

चावल केन्द्र

प्रदेश ने केन्द्र सरकार से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चावल की जगह गेहूं की मा्त्रा बढ़ाने का आग्रह किया है। खाद्य, एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने नई दिल्ली में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रहलाद जोशी से भेंट के दौरान कहा है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों को दिये जा रहे खाद्यान्न में चावल की जगह गेहूं की मात्रा बढ़ाई दी जाये। श्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश में चावल की जगह गेहूं का उपयोग बहुतायत में होता है। समय - समय पर यह देखने में आता है कि कुछ व्यापारी हितग्राहियों को प्रलोभन देकर उनसे कम दाम में चावल खरीद लेते है, जिससे बाजार में दुरूपयोग की घटनाएं सामने आती हैं। इस समस्या के समाधान के लिये मप्र में पात्र हितग्राहियों को दिये जाने वाले खाद्यान्न में गेहूं की मात्रा बढ़ाई जाना हितकारी होगा।

---------------------------------------

तेजस

मध्य प्रदेश की पहली सुपरफास्ट ट्रेन तेजस इंदौर से मुंबई के बीच 23 जुलाई से चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के अनुसार यह विशेष ट्रेन (संख्या 09085) प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से रात 11.20 बजे प्रस्थान करेगी। अगले दिन दोपहर 1 बजे इंदौर पहुंचेगी। वहीं इंदौर से यह ट्रेन (संख्या 09086) प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को इंदौर से शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 7.10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इंदौर से मुंबई के मध्य चलने वाली विशेष ट्रेन का संचालन 23 जुलाई से 30 अगस्त तक किया जाएगा। तेजस ट्रेन, भारतीय रेलवे की एक सेमी हाई स्पीड पूरी तरह से वातानुकूलित ट्रेन है, जो आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें स्वचालित दरवाजे, आरामदायक सीटें, एलसीडी स्क्रीन, वाई-फाई और बायो-वैक्यूम शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह देश की पहली निजी और कॉर्पोरेट ट्रेन है, जिसका संचालन आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम) करती है।

---------------------------------------

विश्वगुरु

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत को फिर विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा नीति भारतीयता पर केंद्रित है। श्री परमार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी परिसर में आयोजित डिज़ाइन संस्थान के शुभारंभ एवं सिविल इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं कंसल्टेंसी प्रयोगशाला के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय विद्यार्थियों को रोज़गार, शोध और नवाचार के लिए वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा योग्य बनाएगी।

---------------------------------------

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की हालिया विदेश यात्राओं पर सवाल उठाते हुए इनके परिणामों की जानकारी देने को कहा है। श्री पटवारी ने आरोप लगाया कि हर बार हजारों करोड़ के निवेश और विश्वस्तरीय रोजगार के दावे किए जाते हैं, लेकिन वास्तविकता में न कोई बड़ा निवेश आया, न कोई औद्योगिक परियोजना जमीन पर उतरी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि तीन दर्जन से अधिक एमओयू के बावजूद एक भी फैक्ट्री, टेक्नोलॉजी हब या हजारों युवाओं के लिए रोजगार नहीं आया है।

---------------------------------------

मानसून

प्रदेश में मानसून का जोर कम हुआ है। मुरैना सहित प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में ज्यादा बारिश हुईं। मुरैना जिले की जौरा तहसील के अंतर्गत पगारा बांध के सभी गेट खुल जाने के बाद आसन नदी का रौद्र रूप देखते ही बनता है। पगारा बांध का जलस्तर क्षमता से अधिक होने के बाद सभी गेट खुल गए थे। इसके बाद 32 गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया था। हालांकि कल बारिश से राहत मिली है, इधर क्वॉरी नदी पर 2 दिन से पानी भर जाने के कारण रास्ता बंद है । पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद जिले के सभी जलाशय पूरी तरह लबालब हो गए

हैं और ग्रामीण क्षेत्र के रास्ते बंद हो गए हैं या संपर्क कट गया है, जिससे ग्रामीण जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने आज सुबह तक के लिए प्रदेश में व्यापक बारिश का अनुमान जताया है।

----------------------------------------

कुश्ती

हंगरी के बुडापेस्ट में पोल्याक इमरे वर्गा जानोस मेमोरियल कुश्ती टूर्नामेंट में भारतीय महिला पहलवानों का दबदबा कायम है। भारतीय महिलाओं ने कल एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। प्रिया मलिक ने 76 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। एशियाई चैंपियन मनीषा ने कांस्य पदक हासिल किया।

इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत के आठ पदक हो गए हैं। इनमें तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

----------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मंडला जिले में प्रसिद्ध चित्रकार सैयद हैदर रज़ा की स्मृति में कल पांच दिवसीय रज़ा स्मृति- 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।
- झाबुआ जिले में कलेक्टर नेहा मीना ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए “नारीशक्ति से प्रकृति को शक्ति“ थीम पर “मातृधरा अभियान“ प्रारंभ किया है।
- आगरमालवा में छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस विभाग के तत्वावधान में कल नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति के लिए जागरूक किया गया।
- बैतूल जिले में कल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

----------------------------------------